पत्रिका

साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश

खैरागढ़ @ पत्रिका. इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में साइकिल रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। विश्वविद्यालय के एनएसएस कैडेट्स सहित अन्य छात्रों ने इस दौरान लोगों को साइकिल की उपयोगिता और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। संगीत संकाय अधिष्ठाता डॉ. नमन दत्त ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस, दोनों की थीम को संयुक्त रूप से ध्यान में रखते हुए आयोजित इस साइकिल रैली में विद्यार्थियों के साथ-साथ शोधार्थी, शिक्षक और अधिकारी-कर्मचारी भी साइकिल लेकर शामिल हुए। कुलपति ममता चंद्राकर के मार्गदर्शन कुलसचिव आईडी तिवारी के निर्देशन में विश्वविद्यालय परिसर को इको-फ्रेंडली कैंपस के रूप में विकसित करने की दिशा में विविध गतिविधियां जारी हैं।

Date: 07/06/2023, Edition: Rajnandgaon, Page: 2
Source : https://epaper.patrika.com/